महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक: रू.वि. / प्र.प.प्र. / एलएलबी / 2021 / 1019-27 दिनांक: 23.10.2021

सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त विधि महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक प्रवेश करना सुनिश्चित करें।

विधि–तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय द्वारा सर्वसाधारण के संज्ञानार्थ समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त कर प्रवेश परीक्षा में प्राप्त रैंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर निर्धारित सीट संख्या को नियमानुसार भरना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ऐसे विधि महाविद्यालय जिनकी बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया से सत्र 2021–22 हेतु मान्यता नहीं प्राप्त है उन्हें उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण विश्वविद्यालय की ई–मेल (entrancecell@mjpru.ac.in) पर दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक तथा हार्डकॉपी (समाचार पत्र में प्रकाशित मूल विज्ञप्ति, अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षाफल तथा उनके प्रार्थना पत्र सहित) दिनांक 18 नवम्बर, 2021 तक अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी दशा में निर्धारित तिथि के उपरान्त महाविद्यालय द्वारा किये गये प्रवेश को अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. समस्त विधि महाविद्यालय, सम्बद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. सहायक कुलसचिव प्रवेश / परीक्षा।
5. श्री रविन्द्र कुमार गौतम, प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संबंधित सफल अभ्यर्थियों की सूची तथा उक्त सूचना अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव–कुलपति, को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
7. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner